# दिवाली पर चीनी का दाम 5 साल में सबसे कम



[ प्रमोद राय *नई दिल्ली* ]

**इस दिवाली** सीजन में शुगर की डिमांड बढ़ने के साथ-साथ इसकी कीमत में भी भारी गिरावट है। शुगर की कीमत पांच साल में सबसे कम हो गई है। एक महीने में महाराष्ट्र और उत्तरी कर्नाटक में शुगर की खेप में 50 फीसदी से भी ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है।

कोल्हापुर मंडी के ट्रेडर्स ने बताया कि पिछले 15 दिनों में 40 लाख क्विंटल की शुगर ट्रेडिंग हो चुकी है। आमतौर पर यहां से एक महीने में 18-20 लाख शुगर की ट्रेडिंग होती है। शुगर की कीमत 29.50 रुपए प्रति किलो से गिरकर 26 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है। अक्टूबर के आखिर तक इसमें और गिरावट की उम्मीद है। दक्षिण भारत, राजस्थान, कोलकाता और यहां तक कि हरियाणा के शुगर ट्रेडर्स सस्ती कीमतों और सरप्लस स्टॉक का फायदा उठाने के लिए महाराष्ट्र पहुंच रहे हैं।

नेशनल फेडरेशन ऑफ कोऑपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज (एनएफसीएसएफ) के मैनेजिंग डायरेक्टर एम जी जोशी ने बताया, 'चीनी मिलें किसानों को भुगतान करने के लिए सस्ते में माल बेच रही हैं। शुगर की कुछ डील 25 रुपए प्रति किलो तक हुई है। दिवाली के आसपास तक चीनी की कीमत में और गिरावट आएगी।' चीनी मिलों को उम्मीद है कि और दिवाली के आखिर तक और 20-25 लाख क्विंटल शुगर की ट्रेडिंग हो सकती है।

कोल्हापुर मंडी के एक बड़े शुगर ट्रेडर ने बताया, 'फेस्टिव सीजन में फ्रेट रेट 30 फीसदी बढ़ जाने के बावजूद दूर-दराज के ट्रेडर्स सस्ते शुगर की ट्रांसपोर्टिंग को लेकर चिंतित नहीं हैं। फेस्टिवल सीजन में सस्ती चीनी मिलना आम बात नहीं है, लिहाजा कोई भी ट्रेडर ज्यादा से ज्यादा मार्जिन कमाना पसंद करेगा।'

**एक महीने में महाराष्ट्र और उत्तरी कर्नाटक में शुगर की खेप में 50 फीसदी से भी ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है**

सितंबर के बाद आंतरिक खपत के लिए रिलीज की गई शुगर पिछले 5 साल में सबसे ज्यादा है। शुगर सेक्टर में लगातार चौथे साल मार्केट में सरप्लस स्टॉक दिख रहा है। इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन (आईएसएमए) के अनुमानों के मुताबिक, इस शुगर सीजन (अक्टूबर 2013-सितंबर 2014) में ओपनिंग बैलेंस रिकॉर्ड 1 लाख टन होगा।

Economic Times
28/10/13